आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन आज प्रश्नकाल के दौरान बेरोजगारों को रोजगार, आउटसोर्सिंग और नौकरी में आरक्षण का मुद्दा उठा। साथ ही कुछ सदस्यों ने बिजली और सड़क हादसों में हो रही मौत का भी मामला उठाया। समाजवादी पार्टी के सदस्य अनिल प्रधान के सवाल पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने ड्राइविंग लाइसेंस की पूरी प्रक्रिया और उसके लिए निर्धारित शुल्क के बारे में सदन में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लाइसेंस के लिए कम से कम 18 साल की आयु निर्धारित है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों में हाई स्पीड शामिल है। जिसे रोकने के लिये सरकार ने कैमरे सहित अन्य जरूरी इंतजाम किये हैं।

****

स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा है कि देश में कोडीन युक्त कफ सिरप के सेवन से किसी की मौत की कोई घटना सामने नहीं आई है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान श्री नड्डा ने कहा कि जब भी किसी दवा से संबंधित मौत का मामला सामने आता है, सरकार तुरंत जांच का आदेश देती है। उन्होंने कहा कि दवा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सुस्थापित नियामक प्रक्रिया लागू है, जिसका सरकार सख्ती से पालन कर रही है।

कई बार ऐसा होता है कि ड्रग जो होता है वो है वो सब स्टैंडर्ड पर होता है। कई बार डिसदृलेबल्ड होता है और कई बार वो ड्रग ह्यूमन कंजम्पशन के लिए उपयुक्त नहीं होता। जब वो उपयुक्त नहीं होता है तो उसको हम रिकॉल करते हैं। इसका प्रोसिजर दिया गया है और उस प्रोसिजर को हम फॉलो करते हैं।

****

आज विश्व रेडियो दिवस है। लोगों में रेडियो के महत्व के प्रति जागरुकता बढ़ाने और रेडियो के जरिए सूचना पाने को प्रोत्साहन देने के लिए हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह दिवस रेडियो से जुड़े लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है। सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल मुरुगन ने रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए अपने बचपन के दिनों को याद किया।

हम सब रेडियो दिवस मना रहे हैं। श्रोता रेडियो स्टेशनों को पोस्टकार्ड लिखा करते थे। वे अपनी राय देने और रेडियो स्टेशनों से जुड़ने के लिए पत्र भेजते, ताकि वे अपनी पसंद के कार्यक्रम या गीत सुन सकें। चाहे वह शास्त्रीय संगीत हो, लोकगीत हो या फिल्मी गाने, लोग अपनी पसंद बताने के लिए रेडियो का सहारा लेते थे।

वहीं प्रदेश के अमरोहा जिले के गजरौला स्थित गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज 'मन की बात' रेडियो संग्रहालय के संस्थापक राम सिंह बौद्ध ने कहा कि रेडियो आज भी सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का सशक्त माध्यम है। सीमित संसाधनों वाले ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर महानगरों तक, रेडियो ने दशकों से विश्वसनीय और समयबद्ध संदेश पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम इसी माध्यम से देशवासियों से सीधा संवाद स्थापित कर राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ कर रहा है।

विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर मैं सभी श्रोताओं को शुभाकामनाएं देता हूं। जैसे कि आप सभी को पता है रेडियो हमारे जीवन का बहुत महत्वपूर्ण अभिन्न अंग रहा हैं इसने सूचना संचार विज्ञन के लिए मानव जीवन का बहुत साथ दिया है क्योकि उस समय ये रेडियो अपने समय मे दूरसंचार ज्ञान का मनोरंजन का विज्ञान का सबका जो है बहुत महत्वपूर्ण साथी रहा है और रेडियो जन जन तक सूचनायें सही सूचनायें पहुचानें में सूलभ संसाधन रहा है।

****

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज भदोही स्थित सुरियावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था जांची और अस्पताल की बिल्डिंग की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों और उनके तीमारदारों से संवाद कर उनकी समस्यायें सुनीं और चिकित्सको को निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाय।

****

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा एक नई आध्यात्मिक परंपरा की शुरुआत की गई है। एक रिपोर्ट–

इस पहल के तहत देश के प्रमुख तीर्थस्थलों से भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव के लिए भेंट अर्पित की जा रही है। इसी क्रम में श्री सिद्धिविनायक मंदिर, मुंबई द्वारा फल, पुष्प और पूजन सामग्री काशी विश्वनाथ धाम भेजी गई है। मंदिर न्यास ने इस पावन भेंट को विधि–विधान से स्वीकार करते हुए भगवान श्री विश्वेश्वर की ओर से श्री सिद्धिविनायक मंदिर को प्रति–उपहार भी श्रद्धापूर्वक प्रेषित किया है। यह पहल भगवान शिव और भगवान श्री गणेश के दिव्य पिता–पुत्र संबंध का प्रतीक मानी जा रही है। साथ ही, इससे काशी और मुंबई के प्रमुख तीर्थस्थलों के बीच आध्यात्मिक एकता और सहयोग की भावना और मजबूत हुई है। मंदिर न्यास ने इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। मनीष सिंह की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अरूण।

****